## अतिक्रमण हटवाकर पानी की निकासी करवाई

**निवाई/गुंसी,** (निसं)। ग्राम पंचायत गुंसी के मॉडल तालाब के ओवरफ्लो पानी की निकासी पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की ग्रामीणों द्वारा मांग करने पर शनिवार सुबह उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया मय पुलिस जाब्ते एवं राजस्व कर्मचारियों के साथ तालाब की पाल पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे।

इसके बाद ग्रामीणों से वार्ता कर ओवरफ्लो पानी की निकासी स्थल पर हो रहे अतिक्रमण को जेसीबी की सहायता से हटवाकर पानी की निकासी करवाए। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब के कैचमेंट एरिया में हो रही तेज बारिश से गांव का तालाब लबालब भर चुका है।

इसके ओवरफ्लो पानी की निकासी पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने का ग्रामीणों ने शुक्रवार को ज्ञापन सौप था। इस अवसर पर गिरदावर श्योपाल गुर्जर, हल्का पटवारी रमेशचंद गुर्जर, ग्राम विकास अधिकारी युगलकिशोर मीणा, पूर्व सरपंच शंकरलाल सैनी, महेश सैनी, शिवराज मीणा, शिवकिशन मीणा, सुनील सैनी, राजेश मीणा, रामफूल गुर्जर, छोटूलाल कुमावत व नाथूलाल मीणा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**खैरथल,** (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान एवं स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मानने के लिए जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग की ओर से शनिवार को जिले के सभी सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों में तिरंगा यात्रा सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित कराए गए।

जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार जैन ने बताया कि जिले के सभी स्कूलों

- **जिला कलेक्टर के निर्देश पर जिले भर में स्कूलों में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम**

में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 से 12वीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। आजादी व देशभक्ति से ओत-प्रोत धुन एवं नारों के साथ तिरंगा रैली निकाली गई। कार्यक्रम के तहत सभी स्कूलों में प्रार्थना स्थल पर तिरंगा प्लेज भी आयोजित कराई गई। जिले भर में विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गए जिनमें बच्चों ने



**स्कूलों में तिरंगा यात्रा सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए।**

बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल स्तर पर पोस्टर, निबंध सहित विभिन्न अन्य प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई।

विकास अधिकारी मुंडावर सोनू अग्रवाल ने बताया कि जिले में ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में सभी नरेगा साइट पर भी तिरंगा यात्रा एवं तिरंगा प्लेज का आयोजन कराया गया ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप हर घर, हर सरकारी दफ्तर, हर गली, हर नुक्कड़ तक तिरंगा अपनी शान में लहराए।

इस अभियान के तहत जिले में उत्सव का माहौल और गर्व की भावना का संचार हो रहा है जिसमें लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

## गुरु वंदन एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम आयोजित

**कोटपूतली,** (निसं)। स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान उच्च शिक्षा की कोटपूतली ईकाई द्वारा गुरु वन्दन एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ. राजकुमार मित्तल द्वारा लिखित जैविक उद्यमिता 37 करोड़ स्टार्टअप का देश पुस्तक का विमोचन हुआ। पुस्तक विमोचन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर के सिंह एवं विभाग कार्यवाह कैलाश कल्ला (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अलवर विभाग) तथा अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान की कोटपूतली ईकाई के सचिव प्रो. अशोक सिंह तथा स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक रामानंद यादव, सह संयोजक धर्मेन्द्र गुर्जर, स्वदेशी जागरण मंच के प्रान्त सह संयोजक विनोद पाल यादव, गुरेन्द्र नाथ भारद्वाज, प्रान्त विचार प्रमुख एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्यों द्वारा किया गया। विभाग कार्यवाहक कैलाश कल्ला ने कहा कि गुरु वंदन कार्यक्रम आज के समय में बहुत महत्वपूर्ण है। किसी भी देश की उन्नति का रहस्य है कि उस देश के शिक्षकों का सम्मान कितना है।

## खैरथल के जिला बनने की सजा किशनगढ़ बास को

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। कांग्रेस सरकार में खैरथल तिजारा जिला बनने के बाद से किशनगढ़ बास उपखंड मुख्यालय पर मनाए जाने वाले स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व को किशनगढ़ बास में नहीं कर अधिकारियों की और से जिला मुख्यालय खैरथल पर मनाया जाने लगा है। उपखंड की स्थापना के बाद से वर्षों से चली आ रही सामूहिक कार्यक्रम की परंपरा को किशनगढ़ बास में विराम लग चुका है।

उपखंड स्तरीय समारोह को जिला स्तरीय समारोह में समायोजित करने से ऐसा प्रतीत होता है जैसे किशनगढ़ बास के लोगों की आजादी और स्वतंत्रता को किसी की बुरी नजर लग गई है। 15 अगस्त और 26 जनवरी के दिन देश भक्ति के गीतों से गुंजने वाला मैदान पिछले स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस से सूना सूना है। स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले निजी और सरकारी स्कूलों के बच्चे 15-15 दिन पहले से तैयारीयों में लग जाते थे। भामाशाह और व्यापारिक संगठनों को कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले बच्चों को

- **जिला बनने के बाद उपखंड मुख्यालय पर होने वाले सामूहिक स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस को जिला कार्यक्रम में किया गया समायोजित**

पुरस्कृत व मिठाई वितरण के लिए याद किया जाता था।

किशनगढ़ बास उपखंड मुख्यालय से जिला मुख्यालय खैरथल की दूरी 10 किलोमीटर की होने से कार्यक्रम आम लोगों व बच्चों की पहुंच से दूर हो गया और कार्यक्रम में केवल किशनगढ़ बास से अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के साथ कुछ खास लोग ही पहुंच पाते हैं। जब से उपखंड स्तरीय कार्यक्रम को जिला स्तरीय कार्यक्रम में समायोजित कर खैरथल मनाए जाने लगा है तभी से किशनगढ़ बास के आम और खास लोगों में दर्द है पर कोई आगे बढ़कर अपने तिरंगे के लिए बात नहीं कर रहा है।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी बैठक

**दूदू,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को उपखंड अधिकारी कार्यालय सभागार में उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर हर घर तिरंगा अभियान आगामी 15 अगस्त को आयोजित स्वतन्त्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक लेकर दिशा निर्देश दिए। बैरवा ने जिले के गांवों में पेयजल विद्युत आपूर्ति चिकित्सा के साथ बरसात के दौरान जल भराव की समस्याओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए गए के बाद जिला मुख्यालय पर पंचायत समिति कार्यालय में उपमुख्यमंत्री जन सुविधा केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया गया इस दौरान आमजन को सूचना नहीं मिलने के कारण फरियादी नजर नहींआए इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार उपखंड अधिकारी योगेश सिंह देवल राकेश चौधरी बलवीर सिंह पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल सहित जिला एवं उपखंड स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।

# डीलरों की हड़ताल खत्म, राशन लेने उमड़े लोग

**पावटा,** (निसं)। राशन विक्रेताओं को मानदेय कर्मी घोषित कर प्रति माह 30 हजार रुपए निश्चित किया जाने, गेहूं तोल में दो प्रतिशत की छीजत दी जाने, गत महिनों का बकाया कमीशन दिये जाने, डोर टू डोर डिलवरी का बहिष्कार सहित अन्य मांग कर रहे राशन डीलरों की प्रदेश स्तरीय यूनियन के आव्हान पर विराटनगर विधानसभा के पावटा कस्बे में ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन इकाई पावटा के तत्वावधान में राशन डीलर संघ पावटा तहसील अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सुरेला के नेतृत्व में अपनी मांगें पूरी नहीं होने के कारण राशन डीलरों की एक अगस्त से चल रही हड़ताल के समाप्त होने पर राशन की दुकानों के ताले खुल गए।

दुकानों का ताला खुलते ही राशन लेने के लिए उपभोक्ताओं की भीड उमड पड़ी। राशन मिलने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। भीड अधिक होने से उपभोक्ताओं को लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना



**दुकानों का ताला खुलते ही राशन लेने के लिए उपभोक्ताओं की भीड उमड पड़ी।**

पडा। सस्ता राशन मिलने के बाद उपभोक्ताओं के चेहरे पर रौनक दिखाई दी। राशन डीलर संघ पावटा तहसील अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सुरेला ने कहा खाद्य मंत्री ने हमारी मांगों को लेकर आश्वस्त किया है। 7 दिन में हमारी मांगों का समाधान कर दिया जाएगा। खाद्य मंत्री ने कहा कि राशन डीलरों का बकाया कमीशन भी 7 से 10 दिन में दे दिया जाएगा। राशन डीलरों की कटौती बंद कर दी जाएगी। छीजत पर बोनस देने का भी वादा किया है। जिसे लेकर राशन डीलरों द्वारा राशन वितरण का का कार्य शुरू कर दिया गया है।

# देवली में उप जिला अस्पताल के लिए भूमि को लेकर राजनीति शुरू

**देवली,** (निसं)। प्रदेश में वित्तीय बजट पारित होने पर देवली को उप जिला अस्पताल मिलने की घोषणा के साथ ही इसको लेकर तभी से यहां पालिका प्रशासन और भाजपा पार्षद, कार्यकर्ताओं के बीच राजनीति शुरू हो गई है।

- **पालिका प्रशासन ने पैराफेरी भूमि पर अस्पताल बनाने की कवायदे शुरू की**
- **भाजपा पार्षद और कई कार्यकर्ता शहर की परिधि में ही उप जिला अस्पताल बने की मांग पर अड़े हुए हैं**

उल्लेखनीय है कि वित्तीय बजट में देवली को उप जिला अस्पताल की सौगात प्राप्त हुई इसके बाद शनिवार को यहां भाजपा नेता विजय बैंसला का देवली में उपजिला चिकित्सालय खोले जाने की घोषणा होने पर स्वागत किया गया। वहीं अस्पताल को शहर में ही बनाए जाने के लिए ज्ञापन सौंपा गया।

भाजपा के कुछ पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में बताया कि नगरपालिका बोर्ड ने जिस भूमि का अस्पताल हेतु चयन किया है। उससे भाजपा पार्षद और कार्यकर्ता व आमजन सहमत नहीं हैं। इसलिए आमजन व कार्यकर्ताओं की सहमति से शहर में ही उपयुक्त स्थान का चयन किया जाए। भाजपा पार्षद व कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में विजय बैंसला को चेताया कि अगर शहर की परिधि में उप जिला अस्पताल के लिए उपयुक्त स्थान का चयन नहीं होगा तो आगामी उपचुनाव में भाजपा को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

गौरतलब है कि उप जिला चिकित्सालय के लिए जमीन आवंटन के प्रस्ताव के बाद यहां राजनीति शुरू हो गई है। इसको लेकर शहर के कुछ कार्यकर्ता युवा संघर्ष समिति बनाकर विरोध कर रहे है।

इनमें एकआद कांग्रेसी कार्यकर्ता भी शामिल है। ऐसे में संघर्ष समिति से जुडे लोगों ने उप जिला चिकित्सालय के लिए जमीन आवंटन शहर की परिधि में शहर के पास ही रखने की मांग की है ।

यहां संघर्ष समिति के लोगों का मानना है कि आमजन को सुलभ एवं निकट दूरी पर ही चिकित्सा सुविधा मिल सके ज्ञापन सौंपने में भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह जी राणावत, जिला मंत्री जितेंद्र चौधरी, महामंत्री अंकित डाबर, नवलकिशोर चतुर्वेदी, पार्षद संजय सिंहल, छाया चौधरी, नेमीचंद जैन (सांडला ) महेश मंगल, हनुमान बलसोरा, एडवोकेट भारत सिंह सोलंकी, मुकेश मीणा सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय बैसला से उक्त मामले में विचार विमर्श किया।

## 13 ग्राम स्मैक सहित दो महिला गिरफ्तार

**देवली,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र की नासिरदा थाना पुलिस ने स्मैक पाउडर के साथ दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नासिरदा थाना पुलिस ने नाकाबंदी दौरान 13 ग्राम से अधिक स्मेक की मात्रा दो महिलाओं से बरामद की है । इस मामले में पुलिस ने मां-बेटी को गिरफ्तार किया है।

थाना अधिकारी कालूराम ने बताया कि पुलिस ने यह कार्रवाई नासिरदा से हिसामपुर रोड पर की है। यहां एक महिला अपनी बेटी के साथ हिसामपुर की ओर पैदल जा रही थी। दोनों संदिग्ध दिखाई देने पर थाना प्रभारी व महिला पुलिसकर्मी रामघनी ने उक्त दोनों महिलाओं से पूछताछ की। इस दौरान उक्त दोनों महिलाओं पर संदिग्ध आशंका व्याप्त हुई इस पर महिला पुलिस ने तलाशी लेना शुरू कर दी तभी राधा देवी पत्नी मायल सिंह उर्फ मायला सांसी निवासी सांसी बस्ती नासिरदा के पास से प्लास्टिक की थैली में 7.17 ग्राम अवैध स्मेक पाउडर बरामद किया।

वहीं तस्कर महिला के पास से एक की पैड मोबाइल व 1700 रुपए नकद मिले। इसी तरह तलाशी लिए जाने पर उस महिला की पुत्री महिमा पुत्री मायल सिंह सांसी निवासी सांसी बस्ती नासिरदा के पास से प्लास्टिक की थैली में 6.05 ग्राम स्मेक बरामद हुई। मौके पर महिमा के पास से 1200 रुपए नकद बरामद हुए। पुलिस ने दोनों महिलाओं के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है। इसके बाद पुलिस उच्च अधिकारियों ने इस मामले की जांच दूनी थाना प्रभारी सरवर खां के जिम्मे सौंप दी है।

# बाबा प्रभातीनाथ के अंतिम दर्शनों के लिए भक्तों का उमड़ा सैलाब

**खैरथल,** (निसं)। खैरथल के पेहल गांव स्थित अनंत श्री गोरक्षनाथ आश्रम के संस्थापक और नाथ संप्रदाय के प्रसिद्ध संत 100 वर्षीय महंत प्रभातीनाथ शुक्रवार शाम सवा पांच बजे ब्रह्मलीन हो गए थे। शनिवार सुबह सवा ग्यारह बजे आश्रम परिसर में महंत को नाथ संप्रदाय के विधि विधान से समाधि दी गई। समाधि देने से पूर्व वैकुंठी यात्रा निकाली गई जो आश्रम से शुरू हो कर पूरे गांव से होते हुए वापिस आश्रम पहुंची।

ब्रह्मलीन महंत प्रभातीनाथ महाराज की वैकुंठी यात्रा में आगे कई बैंड व डीजे भजन बजाते चल रहे थ, जिसके पीछे श्रद्धालु कीर्तन करते हुए चल रहे थ। यात्रा में श्रद्धालु "जब तक सूरज चांद रहेगा, बाबा प्रभातीनाथ आपका नाम रहेगा", "सुल्फी वाले बाबा की जय हो" और " बाबा प्रभाती नाथ की जय हो " के उद्घोष करते हुए चल रहे थे। यात्रा में पूरे रास्ते पुष्पवर्षा और आतिशबाजी होती रही। यात्रा के दौरान पूरे रास्ते गांव और देशभर से आए श्रद्धालु सड़क के दोनों तरफ खड़े होकर अपने पूज्य गुरुदेव के नम आंखों से आखिरी दर्शन किए ।



**समाधि देने से पूर्व वैकुंठी यात्रा निकाली गई।**

- **खैरथल के समीप पेहल गांव में श्री गोरक्षनाथ आश्रम के संस्थापक व नाथ संप्रदाय के प्रसिद्ध संत थे बाबा प्रभाती नाथ महाराज**

आश्रम परिसर में यात्रा के पहुंचने के बाद ब्रह्मलीन महंत प्रभातीनाथ महाराज को नाथ संप्रदाय की परंपराओं के अनुसार नाथ संतो ने समाधि दी । इस अवसर पर महंत के शिष्य बालयोगी बालकनाथ , नंगला बंजीरका के शुक्रनाथ , दिल्ली के मुकेशनाथ , रिटायर्ड एडिशनल एसपी बीआर परेवा , रिटायर्ड एडिशनल एसपी गोपाल सिंह , प्रो. हुकम सिंह निर्भय , विजय सैनी , सुनील रामेजा , निशांत शर्मा , नवल चौधरी , नरेंद्र व जसवंत सैनी आदि हजारों श्रद्धालुओं ने नम आंखों से महंत जी को नमन करते हुए विदाई दी ।

ब्रह्मलीन महंत प्रभातीनाथ महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करने संत समाज भी पहुंचा । नाथ संप्रदाय के प्रमुख मठ अस्थल बोहर के महंत बालकनाथ योगी का संदेश लेकर आए छापुर के संत योगेंद्र नाथ सहित कुतीना के रामकुमार नाथ , बांदीकुई के मंगलनाथ , थानागाजी के कचोलिया धाम के बन्नानाथ, नारायणी धाम के हजारीनाथ, नटनी का बारां के विजयनाथ , गीजगढ़ के अभयनाथ , भर्तृहरि से सुंदरनाथ , छोटा राजगढ़ से त्रिवेणी नाथ , बांदीकुई से लीलानाथ , नंगली ओझा से मूलानाथ , सतवीर नाथ , चिरुणी से शरणनाथ , बिलवाड़ी से बुधनाथ आदि अनेकों संतो ने नाथ संप्रदाय की परंपरा के अनुसार आदेश प्रणाम कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## त्रिवेणी संगम के जल से किया भोले का अभिषेक

**निवाई,** (निसं। )शिव भक्त तुषार गुर्जर ने मायला कुंड पर स्थित शिवालय में भगवान भोले का 51 लीटर त्रिवेणी संगम के जल से जलाभिषेक किया।

बजरंग दल के रिंकू सिंह ने बताया कि बजरंग दल के तत्वावधान में देवधाम जोधपुरिया स्थित त्रिवेणी संगम से प्रथम कावड़ यात्रा शुरू हुई। उन्होंने बताया कि शिव भक्त तुषार गुर्जर कांवड़ में जल भरकर गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे रवाना होकर 30 किलोमिटर की यात्रा करते हुए देर रात को जमात स्थित पेट्रोल पंप के सामने स्थित बालाजी मंदिर पर पहुंचा और रात्रि विश्राम किया।

सुबह बजरंग दल के कार्यकर्ताओं व मातृशक्ति के साथ जुलूस के रूप में रवाना हुए। जुलूस में शिवभक्त डीजे पर चल रहे भजनों पर नाचते हुए चल रहे थे। शिव भक्तों का जुलूस शहर के मुख्य बाजार से होता हुआ रक्तांचल पर्वत की तलहटी में मायला कुंड स्थित प्राचीन शिवालय पहुंचा जहां पर शिव भक्त तुषार गुर्जर ने भगवान भोले बाबा का विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच जलाभिषेक किया।

इस दौरान शिव भक्तों ने भोले के जयकारों से शिवालय को गूंजायमान कर दिया।

## सार-समाचार

### आमजन से वृक्षारोपण की अपील



**अलवर,** (निसं)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने पंचायत समिति राजगढ के ग्राम नयागांव बोलका में हरियालो राजस्थान अभियान एवं एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड मां के नाम अभियान की शुरूआत की थी। भारतीय संस्कृति में मां का दर्जा सर्वोच्च है अत: अपनी मां के निमित एक पेड लगाकर न केवल मां का सम्मान किया जा सकता है साथ ही धरती माता का भी सम्मान इससे स्वत: ही होगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान से पर्यावरण संरक्षण के साथ हमारे नैतिक मूल्यों को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री के अभियान से प्रेरित होकर इसी अभियान के अन्तर्गत राजस्थान में हरियालो राजस्थान अभियान प्रारम्भ किया है जिसके तहत राज्य में आगामी 5 वर्षों में 5 करोड पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने आमजन से आव्हान किया कि इस अभियान से जुडकर अपनी मां एवं धरती मां के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने हेतु एक पेड अवश्य लगाए एवं उसका बडे होने तक पालन पोषण करें। इस दौरान पं. जलेसिंह सहित बडी संख्या में प्रबुद्ध व्यक्ति मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने स्कूल का निरीक्षण किया

**अलवर,** (निसं)। जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता ने शहर के राजकीय एसएमडी बालिका विद्यालय का निरक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने विद्यालय में कक्षा-कक्षों, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण कर उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत कर उनके शैक्षिणक स्तर को परखा। उन्होंने छात्राओं को कडी मेहनत व मन लगाकर अध्ययन करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यालय की प्रधानाचार्य को निर्देश दिये कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ कठिन विषय पर विशेष फोकस किया जावे। विद्यार्थियों की रचनात्मकता को बढाना हेतु खेल प्रतियोगिताएं, क्विज प्रतियोगिता आदि आयोजित कराई जावे। विद्यालय परिसर एवं शैचालय की नियमित रूप से साफ-सफाई कराई जावे। विद्यालय की आवश्यकतानुसार मरम्मत आदि कराने हेतु डीईओ कार्यालय को प्रस्ताव भिजवाए। हरियालो राजस्थान के तहत विद्यालय में पौधारोपण कराकर उनका रखरखाव किया जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत विद्यालय स्तर पर की जाने वाले गतिविधियां आयोजित करावे।

### नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कल

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। आई रिसर्च सेंटर सोसाइटी एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंधता जयपुर के सहयोग से लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की ओर से 12 अगस्त सोमवार को सहाय हॉस्पिटल जयपुर के सानिध्य में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में सुबह 9:30 से दोपहर 12 बजे तक नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष पूर्व वैज्ञानिक सीताराम सैनी के अनुसार शिविर में नेत्र रोगियों की जांच कर अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक तकनीकी से बिना टांके मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को चश्मा, भोजन एवम् रहने की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी। शिविर में आने वाले रोगीयो से आग्रह किया गया है की वे अपने साथ वोटर पहचान पत्र अथवा राशन कार्ड की कॉपी साथ अवश्य लाएं।

### मनरेगा श्रमिकों ने तिरंगा यात्रा निकाली

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। ऊंचा रहे तिरंगा हमारा, हर घर तिरंगा लहरायेगा अभियान के तहत शनिवार को तिरंगा रैली निकाली गई। ईओ छगनलाल यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री के आ ान पर पर नगरपालिका क्षेत्र में शहरी रोजगार गारंटी योजना के श्रमिकों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। आमजन में देशभक्ति की अलख जगाई। राष्ट्रीय ध्वज फहराकर नागरिकों को देश की सुरक्षा के प्रति शपथ भी दिलवाई गई।

### सड़कों का शिलान्यास आज

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। राज्य के स्वायत शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा रविवार को क्षेत्र में 4.40 करोड़ की लागत से बनने वाली दो सड़कों का शिलान्यास करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार खर्रा गौशाला से बाईपास तक दो लेन से चार लेन विकास कार्य का लोकार्पण गणेश मंदिर श्रीमाधोपुर में 3 बजे करेंगे तत्पश्चात 4:50 बजे अटल सेवा केंद्र कल्याणपूरा में कल्याणपुरा से डेरा वाली सड़क का नवीनीकरण विकास कार्य का का शिलान्यास तथा शाम 6.30 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिहोडी में गढटकनेत स्टेट हाईवे 13 से त्रिलोकपुरा सड़क एवं स्टेट हाईवे 13 कल्याणपुरा मोड़ से त्रिलोकपुरा सड़क का शिलान्यास करेंगे।

### हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत

**अलवर,** (निसं) । जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिले में आयोजित किए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज जिले के सभी विद्यालयों में तिरंगा यात्रा, तिरंगा शपथ सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराई गई। इस दौरान बडी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ तिरंगा झंडा यात्रा के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देश प्रेम का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जिले भर में जिला मुख्यालय से ग्राम पंचायत तक 11 से 15 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराई जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने हेतु आमजन अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाकर स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व को हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाए।

### हेमंत भारती अध्यक्ष बने

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ, शाखा किशनगढ़ बास के शहर अध्यक्ष पद पर हेमंत भारती को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के जिला महासचिव सुनील लालवानी की ओर से की गई है। हेमंत भारती को किशनगढ़ बास शाखा का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जिला उपाध्यक्ष कुंजी लाल अग्रवाल, जिला सचिव सुरेश यादव, मुकेश कुमार गर्ग, मनीष कुमार, देवेन्द्र सोनी ने हर्ष व्यक्त किया है।

### पूर्व छात्र परिषद स्नेह मिलन समारोह

**निवाई,** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय निवाई में शनिवार को पूर्व छात्र परिषद का प्रथम स्नेह मिलन समारोह प्राचार्य डॉ. दीपकराज जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे के प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर की गई। पूर्व छात्र परिषद प्रभारी प्रोफेसर उषा बागड़ी ने बताया कि महाविद्यालय के स्थापना सत्र से अब तक के पूर्व विद्यार्थी समारोह में उपस्थित रहे। सभी ने अपने पुराने अनुभव साझा किए। शीघ्र ही पूर्व विद्यार्थी परिषद का रजिस्ट्रेशन करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सोना अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व छात्रसंघ बाबूलाल मीना, गिरिजेश खटाना, अजय मधुकर, पूर्व महासचिव शिप्रा शर्मा, विष्णु बेनीवाल सहित पूर्व विद्यार्थी सविता पारीक, सपना पारीक, वरुणा अंगिरा, पावन शर्मा, निधि गुप्ता, सीता सैनी सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### प्रवेश आवेदन प्रक्रिया पुनः शुरू

**निवाई,** (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेश आवेदन प्रक्रिया पुन: चालू की गई है। नोडल प्राचार्य डॉ. पानमल पहाडिया ने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेश आवेदन प्रक्रिया पुन: शुरू की गई है। प्रवेश प्रभारी प्रीति जैन ने बताया कि शेष रहीं रिक्त सीटों पर सभी श्रेणियों में कला संकाय व जीव विज्ञान संकाय व गणित में पुन: ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त है। उन्होंने बताया कि पूर्व के डिफाल्टर छात्र भी पुन: आवेदन कर सकते हैं।